29 अप्रैल 2026
बुधवार
केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



बहन की डोली से पहले उठी भाईयों अर्थियां कार्ड बांटने निकले सगे भाइयों को ट्रक ने रौंदा

2



## खबरें फटाफट

### गुजरात के सभी 15 नगर निगमों में भाजपा जीती

**गुजरात।** गुजरात स्थानीय निकाय चुनाव में बीजेपी ने शानदार जीत हासिल की है। राज्य के 15 नगर निगमों, 84 नगरपालिकाओं, 34 जिला पंचायतों और 260 तालुका पंचायतों के चुनाव की काउंटिंग सुबह 8 बजे से जारी है। राज्य में कुल 9992 निकाय सीटें हैं। इसमें से 9986 रिजल्ट आ चुके हैं। भाजपा ने अब तक 7491 सीटें जीत ली हैं। कांग्रेस को 1740 और अन्य को 755 सीटें मिली हैं। इस चुनाव में भाजपा का स्ट्राइक रेट 76% है। वहीं, गोधरा के वार्ड नंबर 7 से निर्दलीय महिला उम्मीदवार अपेक्षाबेन नैनेशभाई सोनी ने जीत हासिल की। इस सीट पर 100% वोटर मुस्लिम हैं। भाजपा ने राज्य के सभी 15 नगर निगमों में जीत दर्ज की। राजकोट, जामनगर, अहमदाबाद, भावनगर, सूरत और मोरबी में फिर कब्जा किया है। वहीं, 9 नए नगर निगम - आणंद, गांधीधाम, मेहसाणा, मोरबी, नाडियाड, नवसारी, पोरबंदर-छाया, सुरेंद्रनगर-वधवाण और वापी में हुए पहले चुनाव में जीत दर्ज की है।

### बंगाल में दूसरे चरण की 142 सीटों पर वोटिंग आज

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बुधवार को 142 सीटों पर वोटिंग होनी है। इसको लेकर राज्य में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। ममता की भवानीपुर सीट पर मंगलवार को सीआरपीएफ ने फ्लैग मार्च निकाला। ममता के खिलाफ भाजपा ने सुवेंदु अधिकारी को मैदान में उतारा है। इधर चुनाव कर्मचारी ईवीएम मशीन लेकर पोलिंग बूथ पर पहुंच चुके हैं। कोलकाता में एक महिला कर्मचारी गर्मी के चलते बेहोश हो गई। सेकेंड फेज में कुल 1448 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। 23 अप्रैल को पहले चरण में 92.72% मतदान हुआ था। 4 मई को नतीजे आएंगे।चुनाव से ठीक एक दिन पहले, दक्षिण 24 परगना की फलता विधानसभा सीट पर भारी तनाव की स्थिति पैदा हो गई है।

# बीजेपी सरकार में बिहारी होना सबसे बड़ा अपराध और देशद्रोह : तेजस्वी

- दिल्ली में बिहार के युवक की हत्या पर भड़के राजद नेता
- सभी पदों पर बीजेपी पर नेता आसीन, फिर भी बिहारियों को बनाया जा रहा टारगेट



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली में बिहार के युवक की हत्या के बाद सियासत गरमा गई है। खगड़िया निवासी 23 वर्षीय पांडव कुमार की दिल्ली में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी जबकि उसका दोस्त कृष्णा की हालत नाजुक बनी हुई है। इस घटना को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बीजेपी पर हमला बोला है। तेजस्वी यादव ने एक्स पर लिखा है कि भाजपा सरकार में बिहारी होना ही सबसे बड़ा अपराध और देशद्रोह हो गया है। नई दिल्ली में खगड़िया निवासी 23 वर्षीय युवक पांडव कुमार की सिर्फ इसलिए गोली मार कर हत्या कर दी गई क्योंकि वह ह्यबिहारीह्न था। ह्यबिहारी होने के अपराधह्न में ही उसका दोस्त कृष्ण जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में जिस जगह ह्लबिहारीह्व समझ गोली मारी गई है वहाँ निगम पार्षद बीजेपी का, विधायक बीजेपी का, सांसद बीजेपी का, सीएम बीजेपी का, बिहार ब्ड बीजेपी का, आधा दर्जन निष्क्रिय बड़बोले केंद्रीय मंत्री बिहार के, उपराज्यपाल बीजेपी के, गृहमंत्री बीजेपी के, प्रधानमंत्री बीजेपी के है। बीजेपी बिहारियों के लिए काल बन चुकी है। इन भाजपाइयों में किसी में हिम्मत है कि एक गरीब मेहनतकश बिहारी की हत्या करने वाले उस हत्यारे पुलिसकर्मी को सजा दिलवा सके। असल में, 21 वर्षों की नीतीश-भाजपा की खराब नीतियों के कारण बिहारवासियों को मजबूरन दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ता है, और दूसरे राज्यों की भाजपा सरकार और प्रशासन मेहनतकश बिहारियों को सम्मान नहीं बल्कि

### केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन दिल्ली पुलिस

केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन आने वाली जिस दिल्ली पुलिस पर लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी है, उसी ने ह्यबिहारी होनेश मात्र से अपराधी मान लिया और गोली मार दी। इससे अधिक निंदनीय घटना क्या हो सकती है। बड़बोले एनडीए नेता इस घटना पर बिल में छिपे हुए है। हमारी मांग है कि बिहारियों को प्रताड़ित करने वाले वाली कथित डबल इंजन सरकार जल्द मामले की गहनता से जांच करवाकर दोषियों पर कारवाई करे। पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दे। हत्यारे की सजा दिलाए। ये घटना बिहार और बिहारवासियों के सम्मान पर आघात है। इसलिए न्याय चाहिए और अभी अविलंब चाहिए।

# रहेजा डेवलपर्स के प्रमोटरों की 1113 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने रियल एस्टेट कंपनी रहेजा डेवलपर्स से जुड़े प्रमोटर्स और संस्थाओं की 1,100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। यह कार्रवाई घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में की गई है।जांच एजेंसी ने 25 अप्रैल को इस मामले में छापेमारी की थी, जिसमें 15.82 करोड़ रुपये का सोना-चांदी और करीब 15 लाख रुपये की विदेशी मुद्रा जब्त की गई। ईडी ने बताया कि उसने धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत अस्थायी कुर्की आदेश जारी किया है। इसके तहत एनए बिल्डवेल और रियासत पैलेसेज की अचल संपत्तियां जब्त की गई हैं, जो रहेजा डेवलपर्स से जुड़ी संस्थाएं हैं।इसके अलावा, कंपनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक नवीनएम रहेजा और उनके परिवार की संपत्तियां भी कुर्क की गई हैं। इन संपत्तियों की मौजूदा बाजार कीमत 1,113.81 करोड़ रुपये आंकी गई है।हालांकि, कंपनी ने इन आरोपों को खारिज किया है। कंपनी ने कहा कि उसने ग्राहकों से मिले पैसे से ज्यादा निवेश किया है, जैसा कि रियल एस्टेट नियामक प्राथिकरण (रेरा) की निगरानी में हुई फॉरेंसिक जांच में सामने आया है और किसी भी तरह की धन की हेराफेरी नहीं हुई है।

## नगर परिषद कार्यालय परिसर में आठ से अधिक राउंड फायरिंग के मिले सबूत

# भागलपुर में दिनदहाड़े नगर परिषद ऑफिस में घुसकर ईओ की हत्या, सभापति को मारी कई गोलियां





- नगर परिषद कार्यालय को सील कर दिया गया, सुरक्षा के मद्देनजर परिसर में किसी भी बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक

**एजेंसी। भागलपुर**

बिहार के भागलपुर जिले के सुल्तानगंज में मंगलवार दोपहर अपराधियों ने सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। बाइक सवार बदमाश नगर परिषद कार्यालय में घुस गए और वहां मौजूद अधिकारियों पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं। इस हमले में कार्यपालक पदाधिकारी (ईओ) कृष्ण भूषण कुमार और सभापति राजकुमार गुड्डू गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद दोनों घायलों को तुरंत सुल्तानगंज रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां से उनकी हालत गंभीर देखते हुए भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर किया गया। हालांकि, रास्ते में ही ईओ कृष्ण भूषण कुमार की मौत हो गई। वहीं, सभापति राजकुमार गुड्डू का इलाज मायागंज अस्पताल में चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, उनके सिर में गोली लगी है और स्थिति नाजुक बनी हुई है।

### सभापति को मारी गई कई गोलियां

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हमलावरों ने सभापति को निशाना बनाते हुए कई राउंड फायरिंग की। बताया जा रहा है कि उन्हें करीब पांच गोलियां लगी हैं। नगर परिषद कार्यालय परिसर में आठ से अधिक राउंड फायरिंग के सबूत मिले हैं, जिससे घटना की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता हैं।

### इलाके में दहशत, दफ्तर बना छावनी

घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस के वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और नगर परिषद कार्यालय को सील कर दिया गया। सुरक्षा के मद्देनजर परिसर में किसी भी बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। एसएसपी, सिटी एसपी और अन्य अधिकारी मौके पर कैंप कर रहे हैं।

### सीसीटीवी फुटेज और गवाहों से जांच

पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रही है। शुरूआती जानकारी के अनुसार, एक बाइक पर सवार तीन अपराधी वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। घटनास्थल से एक खोखा भी बरामद किया गया है।

### कानून-व्यवस्था पर उठे सवाल

दिनदहाड़े हुई इस घटना ने बिहार की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अपराधियों ने खुलेआम पुलिस को चुनौती दी है। अंग क्षेत्र में हुई इस वारदात से पूरे राज्य में दहशत का माहौल है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हैं। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। वारदात के पीछे के कारणों का खुलासा जांच के बाद ही हो सकेगा।

# आंध्र प्रदेश के विजयनगरम में भीषण सड़क हादसा, चार की मौत, दो घायल

**एजेंसी। विजयनगरम**



आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर तेज रफ्तार कार ने भीषण हादसा कर दिया। बेकाबू कार ने सड़क किनारे खड़े लोगों और ट्रकों को टक्कर मार दी, जिससे चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस के अनुसार कार श्रीकाकुलम से विशाखापत्तनम की ओर जा रही थी। इसी दौरान कार की रफ्तार करीब 150 किलोमीटर प्रति घंटा बताई जा रही है। तेज गति के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और कार सड़क किनारे खड़े एक ट्रक के पास मौजूद लोगों को कुचलते हुए आगे बढ़ गई। इस हादसे में सड़क किनारे खड़े तीन लोगों में से दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक को इलाज के लिए विशाखापत्तनम के अस्पताल भेजा गया है।इसके बाद भी कार नहीं रुकी और आगे जाकर एक अन्य खड़े ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य यात्री घायल हो गया। उसे विजयनगरम सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक एआर दामोदर ने बताया कि हादसा बेहद भीषण था। एक मृतक का शव करीब 30 मीटर दूर जा गिरा, जिससे टक्कर की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही से ड्राइविंग को हादसे की मुख्य वजह माना गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पेट्रोल-डीजल की गाड़ियां हो जाएंगी बंद: नितिन गडकरी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को बड़ा बयान देते हुए कहा है कि लंबे समय में, पेट्रोल और डीजल जैसे जीवाश्म ईंधनों पर चलने वाले वाहनों का कोई भविष्य नहीं है। केंद्रीय मंत्री का यह बयान वैकल्पित ईंधन विकल्पों के समर्थन में आया, क्योंकि उन्होंने ऑटोमोबाइल उद्योग से स्वच्छ ईंधनों की ओर बदलाव पर काम करने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी बताया कि यह बदलाव सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने में योगदान देगा। परिवहन मंत्री ने वाहन निमार्ताओं से बायोफ्यूल, उठऋ और छठऋ जैसे वैकल्पिक और स्वच्छ ईंधन विकल्पों के इस्तेमाल की ओर बदलाव की गति तेज करने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पेट्रोल और डीजल, आयात और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव के लिहाज से गंभीर समस्याएं पैदा करते हैं।गडकरी ने बताया कि सरकार ने हाइड्रोजन मोबिलिटी और कंपनियों के लिए पायलट प्रोजेक्ट पहले ही शुरू कर दिए हैं। टाटा मोटर्स, वोल्वो, अशोक लेलैंड और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी प्रमुख भारतीय कंपनियां पहले से ही हाइड्रोजन ईंधन के ट्रायल में शामिल हैं। हम अभी 10 ऐसे रूट पर हैं, जहां हम हाइड्रोजन से चलने वाले ट्रक और बसें चला रहे हैं। हाइड्रोजन ही भविष्य का ईंधन है। फ्लेक्स फ्यूल पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने एक महत्वपूर्ण वैकल्पिक ईंधन के तौर पर इथेनॉल के महत्व पर जोर दिया और बताया कि भारत में अलग-अलग तरह के कच्चे माल से इथेनॉल बनाने की क्षमता है।







### घर में अकेली थी युवती, चार-पांच दिन पुराना लग रहा था शव, मानसिक अवसाद में बताई जा रही थी युवती, स्वजनों ने नहीं लगाया किसी तरह का आरोप

# अरियांव में संदेहास्पद स्थिति में युवती की मौत, आत्महत्या की आशंका जता रही है पुलिस



> अरियांव में युवती के शव मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया गया। घटना स्थल का बारीकी से अध्ययन व मृतका के मां के बयान से स्पष्ट हो रहा है कि युवती मानसिक अवसाद में थी। एसडीपीओ ने कहा कि प्रथम द्दष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। वैसे पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस मामले में कुछ कहा जा सकता है।

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के अरियांव गांव में संदेहास्पद स्थिति में एक युवती की मौत हो गई है। शव सड़ने लगा था, उससे दुर्गंध उठ रही थी, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि उसकी मौत चार-पांच दिन पहले हुई होगी। युवती मानसिक रूप से अवसाद में थी तथा शव अर्द्धनग्न अवस्था में पड़ा था, कमरा अंदर से बंद था तथा मौके से खून से सना एक गमछा व एक चाकू मिला है।

मंगलवार को मुंबई से उसकी मां के लौटने पर इसका खुलासा हुआ। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं, सूचना मिलते ही एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची तथा कई साक्ष्य इकट्ठा किए।

मृतका की पहचान अरियांव निवासी गौरीशंकर राम की 30 वर्षीय बेटी अनुषा कुमारी के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार गौरीशंकर मध्य प्रदेश के भोपाल में रहते है। वे रिटायर्ड बैंक मैनेजर है। उनके चार पुत्रियों में अनुषा तीसरे नंबर पर थी तथा उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। वह गांव में अपनी मां शांति देवी के साथ रहती थी।

मां शांति देवी ने बताया कि अनुषा पहले भोपाल में ही किसी निजी क्षेत्र में जॉब करती थी, लेकिन पिछले कुछ समय से मानसिक अवसाद में चल रही थी, जिस कारण वह जॉब छोड़ दी थी तथा मेरे साथ गांव में ही रहती थी।

मां ने बताया कि 14 अप्रैल को वह मुंबई में नौकरी कर रहे अपने बेटे-बेटियों के पास चली गई थी। इस दौरान अनुषा ने अकेले गांव में रहने की बात कह मुंबई जाने से मना कर दिया था। शांति देवी के अनुसार अनुषा से पिछली बात 16 और 17 अप्रैल को ही हुई थी, इसके बाद वह फोन नहीं उठा रही थी। मंगलवार को दोपहर में आने के बाद उसका कमरा अंदर से बंद था तथा बदबू आ रही थी, जिसके बाद कारपेंटर बुलवा दरवाजा तुड़वाई तो अंदर उसकी लाश पड़ी थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

हालांकि, घर के चारों तरफ सीसीटीवी कैमरा भी लगा है, लेकिन उसे बंद रखा गया था। वहीं, उसी अहाते में उनके पट्टीदार भी रहते है, जिन्हें अनुषा की मौत की खबर नहीं लगी थी।

बहरहाल पुलिस इसे आत्महत्या मानकर ही चल रही है। मां शांति देवी ने भी किसी तरह का आरोप नहीं लगाया है। मां का कहना था कि मानसिक अवसाद में ही उसने आत्महत्या कर ली होगी।

### बहन की शादी की खुशियां पलभर में मातम में बदलीं

# बहन की डोली से पहले उठी भाईयों अर्थियां

# कार्ड बांटने निकले सगे भाइयों को ट्रक ने रौंदा

- ब्रह्मपुर में बक्सर-पटना फोरलेन पर दर्दनाक हादसे के बाद भड़का गुस्सा, घंटों जाम रहा हाईवे





**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

बक्सर-पटना फोरलेन राष्ट्रीय राजमार्ग-922 पर मंगलवार को हुए भीषण सड़क हादसे ने एक परिवार की दुनिया उजाड़ दी। जिस घर में कुछ दिनों बाद बहन की शादी की शहनाई गूंजने वाली थी, वहां अब मातम पसरा है। बहन की शादी का निमंत्रण कार्ड बांटने निकले दो सगे भाइयों की तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। घटना ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के कुआवान गांव के पास हुई, जो बक्सर और भोजपुर जिले की सीमा पर स्थित है। मृतकों की पहचान मुन्ना पासवान (25 वर्ष) और उनके छोटे भाई गणेश पासवान (20 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों बृज बिहारी पासवान के पुत्र थे। बताया जाता है कि परिवार में बहन की शादी तय थी और घर में खुशी का माहौल था। रिश्तेदारों के आने-जाने का सिलसिला शुरू हो चुका था। शादी की तैयारियों के बीच दोनों भाई मंगलवार को बाइक से रिश्तेदारों और परिचितों के यहां निमंत्रण कार्ड देने निकले थे। किसी ने सोचा भी नहीं था कि यह सफर उनकी जिंदगी का आखिरी सफर बन जाएगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों भाई फोरलेन पर अपनी बाइक से जा रहे थे, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। दुर्घटना की खबर फैलते ही आसपास के गांवों से लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। दो जवान बेटों की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-922 को जाम कर दिया। देखते ही देखते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात पूरी तरह ठप हो गया। कई यात्री घंटों फंसे रहे। ग्रामीणों का गुस्सा प्रशासन पर फूट पड़ा। लोगों ने नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को मौके पर बुलाने की मांग की। उनका कहना था कि इस फोरलेन पर लगातार हादसे हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है। तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम लगाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। स्थिति बिगड़ती देख ब्रह्मपुर समेत आसपास के चार थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाने की कोशिश की और दोषी ट्रक चालक को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। काफी मशक्कत के बाद जाम हटाया गया और यातायात बहाल कराया गया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार, गलत दिशा में वाहन चलाना, खतरनाक ओवरटेकिंग और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी आम बात हो चुकी है। फोरलेन बनने के बाद वाहन तेजी से दौड़ते हैं, लेकिन सुरक्षा के इंतजाम बेहद कमजोर हैं। यही वजह है कि आए दिन हादसे हो रहे हैं और निर्दोष लोग जान गंवा रहे हैं। इधर, जैसे ही दोनों भाइयों की मौत की खबर घर पहुंची, शादी की सारी तैयारियां थम गईं। जिस आंगन में मांगलिक गीत गूंज रहे थे, वहां चीख-पुकार मच गई। मां-बाप बेसुध हो गए और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर स्पीड कंट्रोल के लिए कैमरे लगाए जाएं, नियमित पुलिस गश्त हो, भारी वाहनों की निगरानी बढ़ाई जाए और ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो यह फोरलेन आगे भी कई घरों की खुशियां छीनता रहेगा।

**एक नजर**

### महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय में संगोष्ठी सह प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न



**बक्सर।** महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय, बक्सर के तत्वावधान में मंगलवार को बदलते वैश्विक परिवेश में युवा वर्ग की महत्वाकांक्षा विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी सह प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि विश्वामित्र महामुनि की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद मंचासीन अतिथियों का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि बक्सर लोकसभा सांसद सुधाकर सिंह ने कहा कि आज का युवा बदलते वैश्विक परिवेश में नए अवसरों को पहचान रहा है। युवाओं को केवल नौकरी तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि नवाचार, उद्यमिता और सामाजिक नेतृत्व के क्षेत्र में भी आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य युवाओं की सोच और कर्म पर निर्भर करता है। सांसद ने महर्षि विश्वामित्र के त्याग और ज्ञान परंपरा का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों से भगवान श्रीराम की तरह कर्तव्यनिष्ठ बनने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता प्रो. (डॉ.) मृत्युंजय सिंह ने कहा कि वैश्वीकरण के दौर में युवाओं की महत्वाकांक्षाएं तेजी से बदल रही हैं। ऐसे समय में युवाओं को अपनी प्रतिभा के साथ नैतिक मूल्यों को भी बनाए रखना चाहिए, तभी वे समाज और राष्ट्र के विकास में सार्थक योगदान दे सकेंगे। विशिष्ट अतिथि प्रो. (डॉ.) महेश दत्त सिंह, प्रधानाचार्य प्रणव चटर्जी महाविद्यालय, बक्सर ने कहा कि आज का युवा तकनीक और ज्ञान के बल पर वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के संयोजक एवं महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) कृष्णाकांत सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को नई दिशा और प्रेरणा देते हैं। उन्होंने महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई। इस दौरान आयोजित क्विज प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को सांसद द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अवनीश कुमार पांडेय ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. भरत कुमार चौबे ने किया। समारोह में महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## बिहार खेल विश्वविद्यालय में नामांकन शुरू, खेल व शारीरिक शिक्षा पाठ्यक्रमों के लिए जारी हुई सूचना

**केटी न्यूज/बक्सर**

शैक्षणिक सत्र 2026, 27 के लिए बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर ने विभिन्न खेल एवं शारीरिक शिक्षा से जुड़े पाठ्यक्रमों में नामांकन हेतु आधिकारिक सूचना जारी कर दी है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार खेल क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए यह सुनहरा अवसर है। विश्वविद्यालय में संचालित स्नातक पाठ्यक्रम बीपीईएस (बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स) चार वर्षीय कोर्स है, जिसमें कुल 50 सीटें निर्धारित की गई हैं। यह पाठ्यक्रम उन विद्यार्थियों के लिए उपयोगी माना जा रहा है जो खेल प्रशिक्षण, फिटनेस, शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं। इसके अलावा स्नातकोत्तर स्तर पर पीजीडीएससी (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स कोचिंग) एक वर्षीय पाठ्यक्रम में नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू की गई है। इस पाठ्यक्रम के तहत एथलेटिक्स, क्रिकेट, बास्केटबॉल, कबड्डी एवं वॉलीबॉल खेलों को शामिल किया गया है। प्रत्येक खेल विधा में 20-20 सीटें निर्धारित की गई हैं। इस प्रकार कुल 100 सीटों पर नामांकन लिया जाएगा। वहीं, खेल प्रशासन एवं आयोजन प्रबंधन में रुचि रखने वाले अभ्यर्थियों के लिए खेल प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी उपलब्ध कराया गया है। इस कोर्स के लिए कुल 20 सीटें तय की गई हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इच्छुक अभ्यर्थियों से समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है। नामांकन से संबंधित पात्रता, आवेदन तिथि, चयन प्रक्रिया, शुल्क संरचना एवं अन्य विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। बक्सर जिला शारीरिक शिक्षा विभाग के सूचना उपाधीक्षक ने बताया कि जिले के खेल प्रतिभाओं के लिए यह बेहतर अवसर है।

## डुमरांव में पेट्रोल खत्म होने की अफवाह में पंपो पर लगी भीड़, पुलिस की मुश्तैदी से स्थिति हुई सामान्य



- प्रायः सभी पेट्रोल पंपो पर मिल रहा था तेल, अचानक लग गई थी भीड़, थानाध्यक्ष ने लोगों से अफवाह से बचने की दी सलाह

**केटी न्यूज/डुमरांव**

मंगलवार को डुमरांव के सभी पेट्रोल पंपों पर अचानक भीड़ उमड़ गई। सभी पेट्रोल पंपो पर अचानक सैकड़ो बाइक चालक व अन्य चार पहिया वाहन चालक तेल लेने पहुंच गए थे। इस दौरान पेट्रोल के साथ ही डीजल की भी डिमांड हो रही थी।

अचानक भीड़ बढ़ने से पेट्रोल पंपो पर अफरा-तफरी जैसी स्थिति बन गई थी। वाहन चालक पहले तेल लेने के लिए आपस में उलझ रहे थे। कई ग्राहक तो पेट्रोल पंप कर्मियों से भी तू-तू, मैं-मैं पर उतारू हो गए थे। जबकि महाराजा पेट्राल पंप को छोड़ सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल व डीजल उपलब्ध था।

इसकी जानकारी मिलते ही तत्काल डुमरांव पुलिस सक्रिय हो गई। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने इस दौरान सभी पेट्रोल पंपो पर पुलिस टीम भेज स्थिति को नियंत्रित कराए। वे खुद सभी पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किए तथा लोगों से संयम बरतने की अपील की। थानाध्यक्ष ने लोगों से अफवाहों से बचने को कहा और बताया कि कही भी डीजल-पेट्रोल की कमी नहीं है। वहीं, थानाध्यक्ष ने पेट्रोल पंप संचालकों व कर्मियों को भी कई आवश्यक निर्देश दिए, ताकी लोगों को परेशानी का सामना न करना पडे.। बावजूद, पूरे दिन सभी पेट्रोल पंपो पर तेल लेने वालों की होड़ मची रही।







## कुशलपुर के बच्चों ने देखा स्मार्ट शिक्षा मॉडल, नए सपनों के साथ लौटे छात्र

**केटी न्यूज/डुमरांव**

समग्र विकास योजना के तहत उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, कुशलपुर के छात्र-छात्राओं को मंगलवार को पुराना भोजपुर स्थित संत जेवियर्स स्कूल का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा व्यवस्था, तकनीकी संसाधनों और बेहतर शिक्षण माहौल से अवगत कराना था, ताकि वे भी नई शिक्षा प्रणाली को करीब से समझ सकें। भ्रमण के दौरान बच्चों ने विद्यालय की अत्याधुनिक लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब, स्मार्ट क्लासरूम और अन्य शैक्षणिक कक्षों का निरीक्षण किया। विद्यार्थियों ने डिजिटल बोर्ड, प्रोजेक्टर और कंप्यूटर आधारित शिक्षण पद्धति को देखकर उत्साह जताया। कई छात्रों ने पहली बार स्मार्ट क्लास का अनुभव किया, जिससे उनके भीतर नई जिज्ञासा और सीखने की ललक दिखाई दी।

विद्यालय प्रबंधन की ओर से कुशलपुर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह सहायक शिक्षक सुनील कुमार सिंह का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। संत जेवियर्स स्कूल के सचिव फादर विजय भास्कर एवं सिस्टर वंदना सीजे ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान दोनों विद्यालयों के शिक्षकों ने शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, विद्यार्थियों में अनुशासन, तकनीकी ज्ञान और बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा की।कार्यक्रम में सिस्टर बस्तीना, वरीय शिक्षक संजय कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, रामबाबू नीतीश, आराध्या सिंह, अंजू कुमारी और प्रिय पूनम सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। सभी ने इस भ्रमण को छात्रों के उज्जवल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

छात्र-छात्राओं ने कहा कि इस भ्रमण से उन्हें यह समझने का मौका मिला कि आधुनिक संसाधनों का उपयोग पढ़ाई को कितना आसान और रोचक बना सकता है। उन्होंने अपने विद्यालय में भी ऐसी सुविधाएं विकसित करने की इच्छा जताई। यह शैक्षणिक यात्रा बच्चों के लिए केवल भ्रमण नहीं, बल्कि नए सपनों और संभावनाओं से जुड़ने का अवसर साबित हुई।



# बक्सर में पेट्रोल पंपों पर उमड़ी भीड़, डीएम ने की समीक्षा बैठक

- वीडियो बैठक में आपूर्ति व्यवस्था पर मंथन, प्रशासन ने कहा—रात तक हालात होंगे सामान्य



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में मंगलवार को पेट्रोल पंपों पर बढ़ती भीड़ और ईंधन आपूर्ति की स्थिति को लेकर वीडियो संवाद के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल लेने के लिए उमड़ रही भीड़ तथा कुछ पंपों के बंद होने की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि भारत पेट्रोलियम निगम लिमिटेड के अंतर्गत संचालित 24 पेट्रोल पंपों में से 10 पंप बंद हैं। वहीं इंडियन ऑयल निगम लिमिटेड के 31 में से 8 पेट्रोल पंप बंद पाए गए। इसके अलावा हिंदुस्तान पेट्रोलियम निगम लिमिटेड के 15 में से 2 पेट्रोल पंप फिलहाल बंद हैं। अधिकारियों ने बताया कि कई स्थानों पर अत्यधिक भीड़, सीमित भंडार और आपूर्ति बाधित होने के कारण अस्थायी रूप से पंपों का संचालन प्रभावित हुआ है।

जिलाधिकारी ने कहा कि जहां-जहां पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा सुरक्षा बल की मांग की गई है, वहां तत्काल पुलिस बल उपलब्ध कराया गया है, ताकि ईंधन वितरण सुचारु और शांतिपूर्ण ढंग से कराया जा सके। प्रशासन की प्राथमिकता है कि आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और व्यवस्था बनी रहे।

अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बक्सर ने स्वयं इटाढ़ी रोड स्थित पेट्रोल पंप पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और वितरण व्यवस्था को सामान्य कराने का प्रयास किया। अधिकारियों ने कतारबद्ध तरीके से वाहन चालकों को ईंधन उपलब्ध कराने तथा भीड़ नियंत्रित करने के निर्देश दिए।

बैठक में मौजूद क्षेत्रीय अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि मंगलवार रात तक स्थिति सामान्य होने की पूरी संभावना है और इसके बाद ईंधन आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहेगी।

जिला प्रशासन ने बक्सरवासियों से अपील की है कि वे घबराहट में अनावश्यक भीड़ न लगाएं। पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उच्च स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। लोगों से संयम बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई है।

### वाहन खर्च से लेकर टीबी मरीजों की राशि, दवा खरीद और योजनाओं में भारी अनियमितता; एक हफ्ते में मांगा जवाब

# बक्सर स्वास्थ्य विभाग में करोड़ों की गड़बड़ी ऑडिट रिपोर्ट से खुली पोल, अफसरों पर गाज गिरना तय




**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिले के स्वास्थ्य विभाग में वित्तीय अनियमितताओं का ऐसा मामला सामने आया है, जिसने पूरे महकमे में हड़कंप मचा दिया है। बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा) की रिपोर्ट के आधार पर बक्सर स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (एसीएमओ) कार्यालय में जुलाई 2023 से अक्टूबर 2025 तक हुए खर्च और योजनाओं की जांच में कई गंभीर गड़बड़ियों का खुलासा किया है।

स्वास्थ्य विभाग के उप सचिव द्वारा जारी पत्र में साफ कहा गया है कि सरकारी धन के दुरुपयोग, नियमों की अनदेखी और योजनाओं में लापरवाही के कई मामले सामने आए हैं। विभाग ने एक सप्ताह के भीतर जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान कर कार्रवाई रिपोर्ट भेजने का आदेश दिया है।

**निजी वाहन पर सरकारी पैसा, राजस्व को नुकसान :** रिपोर्ट में सबसे पहले सरकारी आदेशों की धज्जियां उड़ाने का मामला सामने आया है। विभागीय कार्यों के लिए व्यावसायिक वाहन लेने के बजाय निजी वाहन का उपयोग किया गया। इससे सरकार को 66,200 रुपये की अतिरिक्त चपत लगी। अब सवाल उठ रहा है कि आखिर निजी वाहन को किसकी शह पर भुगतान किया गया?

**कालाजार योजना में कागजों पर छिड़काव! :** कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम में भी चौंकाने वाली गड़बड़ी सामने आई है। सात गांवों में कीटनाशक छिड़काव का लक्ष्य था, लेकिन जांच में सिर्फ दो गांवों में ही काम मिला। इसके बावजूद 3.65 लाख रुपये खर्च दिखा दिए गए। यानी पांच गांवों का पैसा कहां गया, यह बड़ा सवाल बन गया है। इसी योजना में 1.61 लाख रुपये की एक्सपायर्ड दवाओं का इस्तेमाल भी सामने आया है, जिसे निष्फल व्यय माना गया है।

**अब होगी कार्रवाई, अफसरों में मचा हड़कंप :** स्वास्थ्य विभाग ने साफ संकेत दिया है कि यदि आरोप सही पाए गए तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों पर कड़ी विभागीय कार्रवाई के साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। मामले पर एसीएमओ डॉ. विनोद प्रताप सिंह ने कहा कि उन्होंने 2025 में पदभार संभाला है और वित्तीय कार्य उनके जिम्मे नहीं हैं। जिनके कार्यकाल में यह सब हुआ, वही स्थिति स्पष्ट कर सकते हैं। अब पूरा जिला इस इंतजार में है कि इतने बड़े घोटाले में आखिर किन चेहरों पर कार्रवाई की गाज गिरती है।

#### टीबी मरीजों की राशि दूसरे खातों में भेजी गई

निक्षय पोषण योजना में गरीब टीबी मरीजों के नाम पर भी खेल हुआ है। 1227 मरीजों में से 390 मरीजों की पोषण सहायता राशि करीब 12.04 लाख रुपये उनके खातों में नहीं जाकर दूसरे खातों में भेज दी गई। यह मामला सीधे गबन और फर्जी भुगतान की आशंका को जन्म देता है।

#### फाइलेरिया योजना में 9.56 लाख का हिसाब गायब

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत खर्च किए गए 9.56 लाख रुपये का उपयोगिता प्रमाण पत्र तक जमा नहीं किया गया। वहीं जरूरी एमएमडीपी किट का वितरण अधूरा पाया गया और स्टॉक रजिस्टर भी अपडेट नहीं मिला। इससे विभागीय कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठे हैं।

#### बिना टेंडर लाखों की खरीद, एजेंसियों को फायदा

रिपोर्ट में खरीद प्रक्रिया को लेकर भी बड़ा खुलासा हुआ है। दो वर्षों में 5 लाख रुपये से अधिक की खरीदारी बिना निविदा और बिना कोटेशन के कर दी गई। इससे करीब 6.41 लाख रुपये की खरीद में एजेंसियों को अनुचित लाभ पहुंचाने की बात कही गई है।

#### 6.79 करोड़ खर्च ही नहीं कर सके अधिकारी

सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि विभाग को मिले बजट में से 6.79 करोड़ रुपये खर्च ही नहीं किए जा सके और राशि वापस करनी पड़ी। इसे विभागीय अक्षमता और योजनाओं के प्रति लापरवाही माना गया है।

#### मोतियाबिंद ऑपरेशन भुगतान भी सवालों में

राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम में 57,008 रुपये की आयकर कटौती नहीं की गई। वहीं मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 28.16 लाख रुपये का भुगतान बिना भौतिक सत्यापन के कर दिया गया।

## एक नजर


### डीएम के निर्देश पर जिलेभर में आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच, पदाधिकारियों ने परखी व्यवस्थाएं

**बक्सर।** जिलाधिकारी साहिला के निदेशानुसार मंगलवार को बक्सर जिले की सभी पंचायतों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यापक जांच अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जिले के वरीय पदाधिकारियों को अलग-अलग प्रखंडों एवं पंचायतों में भेजकर केंद्रों की स्थिति, व्यवस्थाओं तथा संचालन व्यवस्था का निरीक्षण कराया गया। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार जांच अभियान का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं, पोषण आहार वितरण, उपस्थिति पंजी, साफ-सफाई, आधारभूत सुविधाओं तथा नियमित संचालन की स्थिति का आकलन करना था। इसके साथ ही यह भी देखा गया कि केंद्रों पर बच्चों और गर्भवती महिलाओं को सरकार द्वारा निर्धारित योजनाओं का लाभ समय पर मिल रहा है या नहीं। जिलाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को कम से कम चार आंगनबाड़ी केंद्रों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण करने का निर्देश दिया था। निर्देश के आलोक में अधिकारियों ने विभिन्न पंचायतों में पहुंचकर केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया तथा सेविका-सहायिकाओं से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर केंद्रों की उपस्थिति, पोषण सामग्री वितरण, बच्चों के लिए उपलब्ध शैक्षणिक संसाधन तथा भवन की स्थिति की भी समीक्षा की गई। जहां कहीं कमियां पाई गईं, वहां संबंधित कर्मियों को सुधारात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने नोडल पदाधिकारी, निरीक्षण एवं अनुपालन कोषांग बक्सर को निर्देशित किया है कि सभी जांच दलों से प्राप्त प्रतिवेदन को शीघ्र समेकित कर जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाए, ताकि आवश्यकतानुसार आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। जिला प्रशासन की इस कार्रवाई से आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। साथ ही इससे केंद्रों पर बच्चों एवं महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं की गुणवत्ता में भी सुधार आने की संभावना है।

### डीएम साहिला सख्त : जल संरचनाओं से हटेगा अतिक्रमण, भू-विवाद मामलों का होगा त्वरित निपटारा

**बक्सर।** समाहरणालय सभाकक्ष में मंगलवार को जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति, मद्य निषेध, भू-विवाद, नीलाम पत्र, विधि-व्यवस्था, लोक शिकायत एवं लोक सेवा अधिकार अधिनियम की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के साथ जवाबदेही तय करते हुए कई अहम निर्देश दिए। भू-विवाद मामलों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता बक्सर एवं डुमरांव को निर्देश दिया कि लंबित आवेदनों की गहन समीक्षा कर उनका त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें। साथ ही सभी मामलों की शत-प्रतिशत प्रविष्टि पोर्टल पर अनिवार्य रूप से की जाए, ताकि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता बनी रहे। सरकारी जल संरचनाओं पर बढ़ते अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने सभी अंचलाधिकारी, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी तथा भूमि सुधार उप समाहर्ता को निर्देश दिया कि जिले की सभी सरकारी जल संरचनाओं के आसपास से एक सप्ताह के भीतर अतिक्रमण हटाया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जल स्रोतों की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है। नीलाम पत्र वाद की समीक्षा के क्रम में संबंधित पदाधिकारियों को पंजी-09 एवं पंजी-10 का मिलान कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही बड़े बकायेदारों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर वसूली और कानूनी कार्रवाई तेज करने को कहा गया। मद्य निषेध अभियान को लेकर जिलाधिकारी ने अधीक्षक मद्य निषेध को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के खिलाफ जिलेभर में गहन जांच अभियान चलाया जाए। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, सार्वजनिक स्थलों तथा अंतरराज्यीय वाहनों की विशेष जांच कर तस्करी पर रोक लगाई जाए। लोक सेवा अधिकार एवं लोक सेवा केंद्रों की समीक्षा के दौरान डीएम ने सभी अंचलाधिकारियों को नियमित अनुश्रवण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

# बक्सर में नशे के कारोबार पर रोक लगाने की मांग, प्रशासन से सख्त कार्रवाई की अपील



**केटी न्यूज/डुमरांव**

जदयू नेता रवि उज्जवल कुशवाहा ने बक्सर जिले में तेजी से फैल रहे नशे के कारोबार पर गहरी चिंता जताते हुए जिला प्रशासन और पुलिस से तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि डुमरांव अनुमंडल सहित पूरे बक्सर जिले में सूखे नशे का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है, जिससे युवाओं और बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ता जा रहा है। रवि उज्जवल कुशवाहा ने आरोप लगाया कि जिले के टुड़ीगंज, नौनीयापुरा, कृष्णाब्रह्म, ब्रह्मपुर बाजार सहित कई क्षेत्रों में खुलेआम नशीले पदार्थों की बिक्री की जा रही है। उन्होंने कहा कि शाम होते ही नशा कारोबारियों के गुर्गे सक्रिय हो जाते हैं और विभिन्न मोहल्लों तथा बाजार क्षेत्रों में अवैध धंधे को अंजाम देते हैं। उन्होंने कहा कि सबसे चिंताजनक बात यह है कि 12 से 14 वर्ष तक के किशोर भी इस नशे की चपेट में आ रहे हैं। कम उम्र के बच्चों को नशे की लत लगाकर उनका भविष्य बर्बाद किया जा रहा है। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो आने वाली पीढ़ी गंभीर संकट में पड़ सकती है। जदयू नेता ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। इससे अपराध, चोरी, हिंसा और सामाजिक विघटन जैसी समस्याएं भी बढ़ती हैं। इसलिए नशे के खिलाफ समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। उन्होंने आम नागरिकों, अभिभावकों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने आसपास हो रही ऐसी गतिविधियों की जानकारी प्रशासन को दें और युवाओं को जागरूक करें। साथ ही उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए जनजागरण अभियान चलाने की भी जरूरत है। रवि उज्जवल कुशवाहा ने बक्सर पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलेभर में विशेष अभियान चलाया जाए, नशा तस्करों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए तथा अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# मजदूर एकता के पुरोधा शरतचंद उपाध्याय को श्रद्धासुमन, संघर्षमय जीवन को किया याद

- 22वीं पुण्यतिथि पर जुटे सामाजिक व राजनीतिक लोग, कहाझ्र उनकी विरासत आज भी प्रेरणास्रोत



**केटी न्यूज/चौसा**

नगर के आईटीआई मैदान के समीप स्थित आवास पर मंगलवार को बिहार राज्य मोटर मजदूर यूनियन के संस्थापक तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय शरतचंद उपाध्याय की 22वीं पुण्यतिथि श्रद्धा, सम्मान और भावनात्मक माहौल के बीच मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिक प्रतिनिधि और स्थानीय लोग शामिल हुए तथा उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी पिंटू बाबा ने की। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय शरतचंद उपाध्याय ने अपना पूरा जीवन मजदूरों, शोषितों और वंचितों के अधिकारों की लड़ाई में समर्पित कर दिया। वे केवल एक राजनीतिक चेहरा नहीं थे, बल्कि समाज के कमजोर तबके की उम्मीद और भरोसे का नाम थे।

वक्ताओं ने कहा कि उस दौर में जब मजदूर वर्ग अपनी समस्याओं को लेकर बिखरा हुआ था, तब उन्होंने उन्हें संगठित करने का बीड़ा उठाया और बिहार मोटर मजदूर यूनियन की स्थापना की। उनके प्रयासों से हजारों मजदूरों को आवाज मिली, सम्मान मिला और अपने अधिकारों के लिए लड़ने की ताकत मिली। श्रमिकों के हित में उनके संघर्ष को आज भी लोग याद करते हैं।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने कहा कि स्वर्गीय शरतचंद उपाध्याय का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा है। उन्होंने सिद्धांतों से समझौता किए बिना समाज सेवा की मिसाल पेश की। आज जरूरत है कि नई पीढ़ी उनके विचारों को जाने और सामाजिक न्याय के लिए आगे आए।

सभा में मौजूद अन्य वक्ताओं ने कहा कि समाज में ऐसे व्यक्तित्व विरले ही जन्म लेते हैं, जो राजनीति को सेवा का माध्यम बनाते हैं। स्वर्गीय उपाध्याय ने हमेशा गरीबों और मजदूरों की आवाज को बुलंद किया तथा जनहित को सर्वोपरि रखा।

कार्यक्रम में बजरंगी मिश्रा, कामेश्वर पांडे, राजा पांडेय, धर्मवीर पहलवान, यूपी सिंह, अभिमन्यु सिंह, नितेश उपाध्याय, विकास राज, अरुण पहलवान, वार्ड पार्षद चंदन चौधरी, चंदा देवी, शैलेश कुशवाहा, मनु सिंह आयुष, प्रीतम, रमेश राय, दीपक, काजू मिश्रा समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

श्रद्धांजलि सभा के अंत में उपस्थित लोगों ने उनके दिखाए मार्ग पर चलने और मजदूर हितों की लड़ाई को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# भीषण गर्मी पर प्रशासन सख्त, बक्सर में लू प्रबंधन को लेकर डीएम ने दिए कई अहम निर्देश

- सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ, वाटर एटीएम, अस्पतालों में हीट स्ट्रोक वार्ड और आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने का आदेश




**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में लगातार बढ़ते तापमान और लू के खतरे को देखते हुए जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में हीट वेव/लू प्रबंधन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आमजन की सुरक्षा, पेयजल उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती और जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों को सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ एवं वाटर एटीएम की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही प्राथमिकता के आधार पर खराब चापाकलों की तत्काल मरम्मत कराने को कहा। आश्रय स्थलों में भी पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। नगर परिषद बक्सर एवं डुमरांव में वाटर एटीएम की निगरानी के लिए क्यूआरटी टीम गठित करने को कहा गया। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि प्याऊ में पानी खत्म होने से पहले पुनः भराव की व्यवस्था रहे, ताकि भीषण गर्मी में लोगों को पेयजल की कमी न हो। भीड़भाड़ वाले स्थानों को चिह्नित कर वहां शेड और पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने का भी आदेश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग को लू से प्रभावित मरीजों के इलाज के लिए सभी सरकारी अस्पतालों में कूलर, एसी, ओआरएस पैकेट, आईवी फ्लूड और जीवन रक्षक दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। हीट स्ट्रोक वार्ड को निर्धारित मानकों के अनुसार संचालित करने तथा जरूरत पड़ने पर आइसोलेशन वार्ड तैयार रखने का निर्देश दिया गया। बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। लोक स्वास्थ्य प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को खराब चापाकलों की युद्धस्तर पर मरम्मत कराने का निर्देश दिया गया। जहां नल-जल योजना का पानी नहीं पहुंच रहा है या चापाकलों में जलस्तर कम हो गया है, वहां टैंकर से पेयजल उपलब्ध कराने को कहा गया। विद्युत विभाग को दो दिनों के भीतर बिना बिजली वाले आंगनबाड़ी केंद्रों को चिन्हित कर कनेक्शन उपलब्ध कराने तथा लंबित सोलर पैनल आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करने का आदेश दिया गया। आईसीडीएस विभाग को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल, ओआरएस और वाटर बेल के माध्यम से बच्चों को समय-समय पर पानी पिलाने की व्यवस्था करने को कहा गया। श्रम विभाग को ईंट-भट्ठों पर श्रमिकों के कार्य समय में बदलाव करते हुए सुबह 6 बजे से 11 बजे और शाम 4 बजे से 6:30 बजे तक ही कार्य कराने का निर्देश दिया गया। कार्यस्थलों पर शेड, पेयजल, ओआरएस और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य, उप विकास आयुक्त निहारिका क्षवि, सिविल सर्जन डॉ. शिव कुमार प्रसाद चक्रवर्ती सहित कई जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# दीक्षा मौत मामले की जांच को लेकर बक्सर पहुंचा कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल

**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को बक्सर पहुंचा और शहर में प्रवेश करते ही व्यवसायियों, समाजसेवियों तथा शिक्षाविदों के साथ बैठक कर बक्सर की बेटी दीक्षा की संदिग्ध मौत मामले में विस्तृत चर्चा की। बैठक में प्रतिनिधिमंडल ने घटना के विभिन्न पहलुओं पर लोगों की राय ली और पूरे मामले की जानकारी जुटाई। प्रतिनिधिमंडल में शामिल मृणाल अनामय, शशि भूषण पंडित, नीलम प्रवीण और रंजीत वाल्मीकि ने संयुक्त रूप से कहा कि बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी इस घटना को गंभीरता से ले रही है। नेताओं ने कहा कि यदि शीघ्र उच्च स्तरीय जांच नहीं कराई गई, तो कांग्रेस बक्सर से आंदोलन की शुरूआत करेगी, जिसे आगे बिहार और राष्ट्रीय स्तर तक विस्तारित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम की पहल पर उच्च स्तरीय टीम का गठन कर उन्हें बक्सर भेजा गया है। टीम का मुख्य उद्देश्य दीक्षा को न्याय दिलाना और पीड़ित परिवार के पक्ष में सच्चाई सामने लाना है।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी इस मामले पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। दोनों नेता पूरे घटनाक्रम की जानकारी ले रहे हैं और निष्पक्ष कार्रवाई चाहते हैं। नेताओं ने कहा कि बक्सर दौरे के बाद टीम अपनी विस्तृत रिपोर्ट पटना में प्रदेश नेतृत्व को सौंपेगी, जिसके आधार पर आगे की रणनीति तय की जाएगी।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडेय ने कहा कि जब तक दीक्षा को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि दीक्षा का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और यह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि इस घटना में शामिल या किसी भी प्रकार से मानसिक दबाव बनाने वाले लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

# वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में पीएचडी मौखिकी परीक्षा का आयोजन




आरा (भोजपुर) वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पीजी भौतिकी विभाग में पीएचडी की मौखिकी परीक्षा आयोजित की गई। मौके पर शोधार्थी निशांत कुमार उर्फ चंदन कुमार तिवारी की मौखिकी परीक्षा संपन्न हुई।निशांत कुमार ने अपने शोध के विषय भौतिक गुणों पर आधारित उच्च-तापमान अतिचालक का निर्णायक अध्ययन पर विस्तार से प्रकाश डाला। बाह्य परीक्षक के रूप में बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय के प्रो गोपाल कुमार मौजूद थे।शोध निदेशक भौतिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ सुनील कुमार यादव थे। मौके पर पीपीटी के माध्यम से निशांत कुमार ने बताया कि उच्च-तापमान अतिचालक का भौतिक गुणों पर आधारित निर्णायक अध्ययन यह बताता है कि ये सामग्री, विशेष रूप से क्यूप्रेट्स और आयरन-आधारित यौगिक, तरल नाइट्रोजन के तापमान 77 के से ऊपर भी शून्य प्रतिरोधकता प्रदर्शित करते हैं। इन सामग्रियों का अध्ययन इनकी लेयर्ड क्रिस्टल संरचना, उच्च क्रिटिकल चुंबकीय क्षेत्र, मेसनर प्रभाव और मजबूत इलेक्ट्रॉनिक सहसंबंध पर केंद्रित है। सैद्धांतिक और प्रयोग की दृष्टि से महत्व को भी बताया।कहा कि यह पदार्थ बहुत शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र में भी अतिचालक बने रह सकते हैं, जो एमआरआई और मैग्लेव ट्रेनों के लिए महत्वपूर्ण है। मौके पर विभागाध्यक्ष प्रो बीके मिश्रा,विज्ञान संकाय के डीन प्रो नरेंद्र कुमार,प्रो संजय कुमार सिंह, डॉ संजय चौबे,डॉ रमेश कुमार, डॉ फरीदा बानो, डॉ गौतम सिंह,डॉ नवनीत कुमार राय,डॉ वाकारुत जमा, डॉ. शशि देव आदि मौजूद थे।इधर, निशांत कुमार को डॉक्टरेट की उपाधि मिलने पर सभी शिक्षकों,छात्र नेताओं ने बधाई दी।सभी ने उनके शोध की सराहना की।

# बेकाबू कार ने ट्रक चालक समेत तीन लोगों को कुचला : मौके पर मौत, परिजनों का हंगामा

**एजेंसी। पटना**

मुंगेर जिले से बड़ी खबर सामने आई है, जहां मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तेलिया तलाब पेट्रोल पंप के पास एक वाहन ने सड़क किनारे मौजूद तीन लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तेलिया तालाब के पास हुई सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने इस हादसे को अत्यंत दुखद बताते हुए शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की। मुख्यमंत्री ने दिवंगतों के परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य और संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। साथ ही उन्होंने सभी मृतकों के आश्रितों को आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से 4-4 लाख रुपये अनुग्रह अनुदान उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। बताया जाता है कि तेलिया तलाब पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे एक गैरेज के निकट एक कंटेनर का चक्का मिस्त्री और उसका हेल्पर निकाल रहे थे। उसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने ट्रक चालक, मिस्त्री और हेल्पर को रौंद दिया। हादसे के बाद वाहन आगे बढ़ गया और चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। इस घटना में मिन्नत नगर निवासी मो. टिंकू उर्फ शाहिद, बनोधा निवासी हेल्पर मो. शाहबाज और नौवागढ़ी कंतपुर निवासी ट्रक चालक राजा मंडल की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही तीनों परिवारों में मातम पसर गया। घटना को देखकर आक्रोशित लोगों ने सड़क पर खड़ी कार को चूर-चूर कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण यह बड़ा हादसा हुआ, जिसमें तीन परिवारों के कमाने वाले लोगों की जान चली गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और मृतकों के परिजनों ने तेलिया तलाब के पास सड़क जाम कर दिया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की। उनका कहना है कि मृतक लोग रोजी-रोजगार के लिए काम कर रहे थे और उनके परिवार का सहारा थे।



## पुलिस मौके पर पहुंची, समझाने का प्रयास जारी

घटना की जानकारी मिलते ही मुफसिल थाना सहित आसपास के कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस आक्रोशित लोगों को शांत कराने और जाम हटाने के प्रयास में जुटी रही। प्रशासनिक स्तर पर भी हालात पर नजर रखी जा रही है।

## जाम से यातायात प्रभावित

ग्रामीणों और परिजनों द्वारा किए गए सड़क जाम के कारण मुंगेर-बरियारपुर मुख्य पथ सहित बेगूसराय की ओर से आने वाले कई वाहन जाम में फंस गए। सड़क पर लंबी कतारें लग गईं, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना मिलने के बाद मृतकों के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। वहां परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

## मुख्यमंत्री ने व्यक्त की गहरी शोक संवेदना

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तेलिया तालाब के पास हुई सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने इस हादसे को अत्यंत दुखद बताते हुए शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की। मुख्यमंत्री ने दिवंगतों के परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य और संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। साथ ही उन्होंने सभी मृतकों के आश्रितों को आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से 4-4 लाख रुपये अनुग्रह अनुदान उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन के टक्कर से ऑटो में सवार छह लोग जख्मी, तीन रेफर

**रजौली।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार की सुबह एनएच 20 पर एक तेज रफ्तार वाहन ने पीछे से टेंपो में टक्कर मार दिया। जिसके कारण कई बच्चो समेत छह लोग जख्मी हो गए। घटना रजौली थाना क्षेत्र के परमेश्वर बीघा मोड़ समीप एनएच 20 की है। जख्मी यात्री लोग ने बताया कि नवादा से रजौली जा रहे थे। वही पीड़ित जख्मी लोगों की पहचान नवादा जिले के अकबरपुर निवासी अभिषेक कुमार, नवादा निवासी संदीप कुमार,राजा देवर निवासी जितेंद्र कुमार डॉक्टर श्याम नंदन प्रसाद ने गंभीर स्थिति देखते हुए पावापुरी अस्पताल रेफर कर दिया। जिसमें बाबूलाल मांझी और रवि कुमार,अंशु कुमारी को प्राथमिक इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया जा रहा है।जानकारी के अनुसार उक्त सभी लोग टेम्पो में सवार छह लोग शादी के सीजन को लेकर अपने निजी रिश्तेदार के घर जा रहे थे। जैसे ही परमेश्वर बीघा मोड समीप पहुंचे कि पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिसके कारण टेम्पो गड्ढे में गिर गई और टेंपो पर सवार यात्रियों बुरी तरह गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं जिसे स्थानीय लोगों के मदद से डायल 112 की टीम को सूचना दी गई सूचना पाकर डायल 112, की टीम मौके पर पहुंची और सभी घायल यात्रियों को अपने वाहन और एंबुलेंस के द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने कहा कि अभी शादी की सीजन चल रहा है जिसके लेकर नवादा से रजौली की ओर सीएनजी टेंपो चलता है जिससे नवादा फतेहपुर मोड एवं रास्ते अन्य कई जगह से सवारियों को उठाते हुए रजौली पहुंचते है। वही सीएनजी टेंपो सावर होकर रजौली आ रहे थे उसी क्रम में रास्ते में अज्ञात वाहन के द्वारा टक्कर मार दी गई जिससे टेंपो पर सवार सभी लोग गंभीर रूप से बुरी तरह घायल होगये और टेंपो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं।वही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर पुलिस मामले की जानकारी लिया।

### मारपीट कांड के फरार आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**बिक्रमगंज।** सूर्यपुरा थाना क्षेत्र में मारपीट मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया । इस संबंध में थानाध्यक्ष चंदन कुमार भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खरोज निवासी शिव कुमार पांडेय के पुत्र रविंद्र पांडेय के विरुद्ध कांड संख्या 106/26 के तहत मारपीट का मामला दर्ज किया गया था । घटना के बाद से अभियुक्त लगातार पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहा था । उन्होंने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत थी । इसी दौरान गुप्त सूचना प्राप्त होने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### बिक्रमगंज : शहर के मुख्य चौक पर महाजाम से लोग परेशान, प्रशासन पस्त

**बिक्रमगंज।** बिक्रमगंज की सड़कें अब जाम से कराहने लगी है। सड़क जाम के लिए यह शहर पूरे शाहाबाद में बदनाम होते जा रहा हैं। आज मंगलवार को फिर से थाना चौक बिक्रमगंज से तेंदुनी चौक तक सासाराम रोड, तेंदुनी गांव से तेंदुनी चौक तक डुमरांव रोड, काराकाट से तेंदुनी चौक तक डिहरी रोड पर मंगलवार की सुबह 6 बजे से 9 बजे तक भारी जाम लगा रहा। यात्री और स्कूली बच्चे घंटों जाम में फंसे रहे। बच्चे अपने स्कूल में निर्धारित समय से 2 घंटा देर से पहुंचे। जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित रहा। आम यात्रियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम में कई दुल्हनों की गाड़ी भी फंसी रही। नई नवेली दुल्हन भूख-प्यास से तड़पती रही।

# शादी के जयमाला पर छेड़खानी से मचा बवाल, मारपीट में सात जख्मी, 3 रेफर



**केटी न्यूज। रजौली**

अनुमंडल के सिरदला प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत छोमुहां गांव में सोमवार देर रात जयमाला समारोह के दौरान अचानक माहौल हिंसक हो गया। जानकारी के अनुसार,गयाजी जिले के मानपुर से आई बारात महेंद्र साव के घर पहुंची थी,जहां उनकी विधवा भाभी की बेटी की शादी हो रही थी। रात करीब 12:30 बजे जयमाला की रस्म के दौरान गांव के कुछ मनचले युवकों द्वारा छेड़खानी किए जाने का आरोप लगा, जिसके बाद दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया।देखते ही देखते मामला मारपीट में बदल गया और लाठी-डंडे व लोहे की रॉड चलने लगे। इस घटना में कुल 7 लोग घायल हो गए, जिनमें तीन लोगों के सिर फट गए। घायलों में मानपुर निवासी जितेंद्र साव, सिंटू कुमार और महेंद्र साव के साथ-साथ छोमुहां गांव के सोनम देवी, नरेश प्रसाद, निक्की कुमार और नीरज कुमार शामिल हैं।घटना की सूचना मिलते ही सिरदला थाना पुलिस और 112 डायल की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला लाया गया। डॉ. सुरेंद्र मिश्रा द्वारा सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया, जिसमें से तीन की हालत गंभीर होने पर उन्हें नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि मारपीट की सूचना पर पुलिस तत्काल पहुंची थी। मामले में आवेदन प्राप्त हुआ है और जांच की जा रही है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

# बेकार लकड़ियों से रोजगार गढ़ रहें युवाओं के बीच मुख्यमंत्री ने बांटे टूल किट




**केटी न्यूज/आरा**

जगदीशपुर (भोजपुर) खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग की ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत नयका

टोला में आयोजित 20 दिवसीय 'वेस्ट वुड क्राफ्ट' प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। सामाजिक संस्था जन विकास क्रांति द्वारा आयोजित इस शिविर में 20 प्रतिभागियों को बेकार लकड़ियों से आधुनिक और आकर्षक उत्पाद बनाने का हुनर सिखाया गया। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को डिजाइनिंग और गुणवत्ता नियंत्रण की बारीकियां बताई गईं, ताकि वे बाजार की मांग के अनुरूप सामग्री तैयार कर सकें। कार्यक्रम के समापन पर बिहटा स्थित टरटए टेक्नोलॉजी भवन में आयोजित समारोह के दौरान मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी और केंद्रीय मंत्री श्री जीतन राम मांझी ने सफल प्रतिभागियों को टूल किट प्रदान किए।

संस्था के महासचिव डॉ. हिमराज सिंह ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को हुनरमंद बनाकर आत्मनिर्भर बनाना और 'वेस्ट टू वेल्थ' के जरिए पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे कौशल विकास कार्यक्रम जारी रखने का संकल्प दोहराया।

# तेल खत्म होने के अपवाहों के बीच पेट्रोल पंपों पर लोगों की लगी भीड़

**केटी न्यूज/आरा**

आरा शहर में पेट्रोल एवं डीजल की खत्म होने की अचानक अफवाह होने के बाद एकाएक आरा शहर में पेट्रोल पंपों पर लोगों की भारी जुटी गई जिले के अधिकतर पेट्रोल पंपों पर तेल नहीं होने का बोर्ड लगने के बाद लोग तेल खत्म होने की अफवाहों के बीच पेट्रोल पंपों पर पहुंच रहे हैं और गाड़ियों में पेट्रोल डीजल भरवा रहे हैं अचानक एक दिन पहले से भोजपुर जिले में पेट्रोल पंप पर तेल नहीं होने की अफवाहों के साथ ही लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई देखिए तस्वीरों में किस तरह से लोग अपनी बाइक एवं बड़ी गाड़ियों में तेल के लिए पेट्रोल पंप पर लाइन लगाए हैं लोगों का कहना है कि कई पेट्रोल पंप पर तेल नहीं मिलने से उन लोगों को काफी परेशानी हो रही है और तेल समाप्त होने का अफवाह होने के बाद वे लोग यहां पहुंचे हैं ताकि वे अपने गाड़ियों में तेल भरवा सके। हालांकि जिला प्रशासन ने दिल नहीं होने की बात को केवल अफवाह करार दिया है। लेकिन जो तस्वीर हम आपको दिख रहे हैं उसे लोगों के बीच काफी भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है जिसके कारण पेट्रोल पंप पर सुबह से ही लोगों की कतारें दिख रही है वही तेल से जुड़ी अफवाहों का खंडन करते हुए जिला पदाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया ने बताया कि कहीं भी पेट्रोल पंप पर तेल की कमी नहीं है सभी जगह पर्याप्त मात्रा में तेल एवं डीजल का स्टॉक उपलब्ध है लोगों को अफवाह पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है सभी लोगों को तेल एवं डीजल मिल रहा है।



# श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ के चौथे दिन भक्ति में डूबे भक्त

**केटी न्यूज/रोहतास**

शहर के काव नदी तट पर स्थित काशी घाट पर आयोजित श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्री सूर्यनारायण प्राण-प्रतिष्ठा यज्ञ में चौथे दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी । तेज धूप में भी श्रद्धालुओं को यज्ञ के हवन कुंड की परिक्रमा करते देखा गया । अहले सुबह से दोपहर तक खास तौर पर महिला श्रद्धालुओं को परिक्रमा करते देखा गया । सुबह से हीं श्रद्धालु यज्ञ स्थल पहुंचने लगे । स्थानीय शहर के अलावा आस पड़ोस के दर्जन भर गांव से हजारो लोग यज्ञ स्थल पर पहुंचे और अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए । प्रतिदिन आचार्य स्वामी मुक्तिनाथ जी महाराज द्वारा श्रद्धालुओं को कथा का अमृत पान कराया जा रहा है । कथा का आयोजन प्रत्येक दिन शाम 3:00 से 5:30 बजे तक नियमित रूप से हो रहा है । यज्ञ आयोजन समिति के मुताबिक यह आयोजन 25 अप्रैल से लेकर 29 अप्रैल तक जारी रहेगा । इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया है। जहां पर लोग पहुंचकर महाप्रसाद ग्रहण कर रहे हैं । इसके अलावे बनारस से पहुंचे विद्वान पंडितों की टोली के द्वारा यज्ञ के हवन कुंड में यजमान के द्वारा यज्ञ वेदी आहुति दी जा रही है। इस धार्मिक आयोजन की सफलता को लेकर यज्ञ समिति से लेकर छठ पूजा समिति के सभी लोग अपनी भूमिका निभा रहे हैं।



# केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान महायज्ञ के आरती में लिया भाग, लोगों ने किया स्वागत

**केटी न्यूज/नवादा**

अनुमंडल मुख्यालय अंतर्गत सिरदला के महवतपुर गांव में चल रहे 11 कुण्डीय श्री सीताराम महायज्ञ में सोमवार देर रात भक्ति और उत्साह का विशेष माहौल देखने को मिला, जब भारत सरकार के केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान यज्ञ स्थल पहुंचे। उनके आगमन पर कार्यकताओं और ग्रामीणों ने फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया।करीब रात 10 बजे पहुंचे मंत्री चिराग पासवान लगभग एक घंटे तक यज्ञ स्थल पर रहे। इस दौरान उन्होंने भव आरती कार्यक्रम में भाग लिया और कार्यकताओं के साथ आरती कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ बैठकर महाप्रसाद भी ग्रहण किया।मौके पर क्षेत्रीय विधायक विमल राजवंशी भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने आयोजन समिति और ग्रामीणों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत करते हैं।यज्ञ स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। रजौली पुलिस एवं सिरदला थाना अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार पुलिस बल के साथ पूरी तरह मुस्तैद दिखे। बड़ी संख्या में कार्यकताओं और श्रद्धालुओं की भीड़ के बावजूद व्यवस्था सुचारू बनी रही। महामंडलेश्वर पवनशरण जी महाराज के दिशा-निर्देश में चल रहे इस महायज्ञ में प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पहले आयोजित भव्य कलश यात्रा के बाद अब यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ रही है। श्रद्धालुओ ने बताया कि महायज्ञ 2 मई तक चलेगा, जिसमें प्रवचन, श्रीकृष्ण लीला और भंडारा जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। मंत्री के आगमन से आयोजन की भव्यता और भी बढ़ गई है तथा पूरे क्षेत्र में उत्साह चरम पर पहुंच गया है।



# बिहार में बदला मौसम मिजाज: 36 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट, तापमान में और गिरावट की उम्मीद

**एजेंसी। पटना**

भीषण गर्मी से जूझ रहे बिहार में मौसम ने अचानक करवट ली है। मौसम विभाग ने राज्य के 36 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें 14 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट, जबकि 24 जिलों के लिए यलो अलर्ट घोषित किया गया है। पटना समेत दक्षिण बिहार के कई इलाकों में बादल छाए रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, 30 अप्रैल तक राज्य में आंधी-बारिश का दौर जारी रह सकता है। इस दौरान 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका है। साथ ही अगले



2झ3 दिनों में तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की जा सकती है। हालांकि, 1 मई से फिर से तापमान बढ़ने और कई जिलों में लू चलने की संभावना जताई गई है। पिछले 24 घंटों में राज्य का सबसे अधिक तापमान कैमूर में 41.4 डिग्री और डेहरी में 41.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि पटना का अधिकतम तापमान 33.0 डिग्री रहा। सीमावर्ती इलाकों में हुई बारिश से गर्मी में थोड़ी राहत मिली है। तेज धूप के बीच चल रही हल्की ठंडी हवाओं ने लोगों को कुछ सुकून दिया है।हालांकि, आंधी-बारिश के इस दौर में जान-माल का नुकसान भी हुआ है। अलग-अलग जिलों में ठनका गिरने और खराब मौसम के कारण अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, दो दिन पहले भीषण गर्मी की चपेट में आने से एक महिला की भी जान गई थी। मौसम विभाग ने राज्य के लगभग सभी जिलों में बारिश की संभावना जताई है। इनमें पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, मुजफ्फरपुर, वैशाली, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, जहानाबाद, अरवल, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, मधेपुरा, सहरसा, खगड़िया, बेगूसराय, भागलपुर, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, पटना, नालंदा, भोजपुर, बक्सर, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, गया, नवादा, जमुई और बांका शामिल हैं। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण बिहार में मौसम का यह बदलाव देखा जा रहा है। उत्तर बिहार के जिलों में नमी अधिक होने से तेज बारिश, बिजली गिरने और तेज हवाओं की संभावना ज्यादा है, इसलिए वहां ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं दक्षिण और मध्य बिहार में अपेक्षाकृत कम नमी के कारण हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है, जिसके चलते यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि 30 अप्रैल तक यह स्थिति बनी रह सकती है, जिससे भीषण गर्मी से लोगों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद है।

## BAS के अधिकारियों का भी तबादला हुआ

# सम्राट सरकार ने राजस्व एवं भूमि सुधार से सीके अनिल को हटाया

**एजेंसी। पटना**

बिहार में बनी सम्राट चौधरी की नई सरकार में ऑपरेशन विजय सिन्हा जारी है. पहले हड़ताली राजस्व कर्मचारियों पर गाज गिराने के विजय सिन्हा के आदेश को पलटा गया था. अब दूसरा बड़ा फैसला लिया गया है. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के कड़क प्रधान सचिव सीके अनिल को हटा दिया गया है. बिहार के सबसे भ्रष्ट विभाग माने जाने वाले राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को दुरुस्त करने में लगे कड़क आईएएस अधिकारी सीके अनिल को ऐसी जगह भेजा गया है, जहां उनके पास करने के लिए कोई काम नहीं होगा. उन्हें योजना पर्षद का परामर्शी बनाया गया. बता दें कि योजना पार्षद बिहार सरकार का ऐसा महकमा है, जहां एक दशक से कोई काम ही नहीं हुआ. सीके अनिल उसी विभाग में समय बिताएंगे बिहार सरकार ने सीके अनिल को हटाते हुए क्अर अधिकारी जय सिंह को राजस्व एवं भूमि सुधार



विभाग के प्रधान सचिव का प्रभार दिया गए है. वे पहले से ही इस राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में सचिव पद पर तैनात हैं. सियासी गलियारे में हो रही चर्चा के मुताबिक सीके अनिल को कोल्ड स्टोरेज में भेजे जाने का फैसला बिहार की नई सरकार में चल रहे ऑपरेशन विजय सिन्हा का ही हिस्सा है. बता दें कि पिछली सरकार में तत्कालीन डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को सुधारने की मुहिम चलाई थी. विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल उसमें बढ़ चढ़ कर साथ दे रहे थे. बिहार में नई सरकार आने के बाद राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में विजय सिन्हा के फैसलों को पलटने का सिलसिला शुरू हो गया. महीनों से हड़ताल कर रहे बदनाम राजस्व कर्मचारियों को विजय सिन्हा ने डिप्टी सीएम रहते बड़े पैमाने पर सस्पेंड करने का निर्देश दिया था. इसके बाद पूरे राज्य में 200 से ज्यादा राजस्व कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया था. लेकिन बिहार में नई सरकार बनने के बाद विजय सिन्हा के आदेश को पलट दिया गया. सम्राट सरकार ने हड़ताली कर्मचारियों को सस्पेंड

### हड़ताल खत्म नहीं करवा पाने का आरोप

2025 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनने के बाद जब तत्कालीन उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की कमान सौंपी गई थी, तब सीनियर आईएएस अधिकारी सीके अनिल काफी चर्चा में रहे थे। उन्होंने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में काफी बदलाव किए थे। अंचलाधिकारी और राजस्व अधिकारी को कई ऐसे दिशा निर्देश दिए थे जो कि सुर्खियों में रहे थे। हड़ताल पर गए राजस्व सेवा के अधिकारी आरोप लगाते रहे कि सीके अनिल के रवैया भी प्रदर्शन का एक कारण बना। अब यह कहा जा रहा है कि सीके अनिल हड़ताल खत्म कराने में कामयाब नहीं हो पाए इसलिए उन्हें हटा दिया गया। इस कार्रवाई से पहले इसी विभाग में सचिव के पद पर काम कर रहे आईएएस अधिकारी गोपाल मीणा का भी तबादला किया गया था। अब प्रधान सचिव सीके अनिल के तबादले से सियासी गलियारे में हलचल तेज हो गई है।

करने के आदेश को पलट दिया. हालांकि सरकार की भद्द तब पिट गई जब सस्पेंशन वापस लेने के आदेश के बावजूद हड़ताली कर्मचारी काम पर वापस नहीं लौटे. उलटे लोगों के बीच मैसेज ये गया कि सरकार भ्रष्ट राजस्व कर्मचारियों को संरक्षण देने में लग गई है. बिहार के आम लोग अभी भी राजस्व कर्मचारियों को भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा प्रतीक मानते हैं. अब सवाल ये है कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल पर गाज क्यों गिरी. मामला दिलचस्प है. दरअसल 2025 के विधान सभा चुनाव में बाद जब ठऊअ की सरकार बनी तो विजय सिन्हा को सबसे बदनाम राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग सौंप दिया गया. तत्कालीन सरकार में विजय कुमार सिन्हा का इलाज करने का दूसरा उपाय भी ढूंढा गया. सबसे अलग किस्म के क्अर अधिकारी के माने जाने वाले क्अर अधिकारी सीके अनिल को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का प्रधान सचिव बना दिया गया. शायद मंशा ये थी कि विजय सिन्हा अपने प्रधान सचिव सीके अनिल से ही निपटने में लगे रहें और विभाग का काम बिगड़ता रहे. लेकिन तब सारा मामला ही उलट गया. विजय सिन्हा ने अपने प्रधान सचिव सीके अनिल के साथ मिलकर विभाग में ऑपरेशन क्लीन शुरू कर दिया. दोनों की जोड़ी ने ऐसा माहौल बनाया कि आम जनता के साथ साथ विपक्षी पार्टियों के नेता भी विजय कुमार सिन्हा के गुण गाने लगे. लेकिन अब हाल ये है कि पहले विजय कुमार सिन्हा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से विदा हुए. अब सीके अनिल को भी हटा दिया गया है. शायद सरकार ये मैसेज देना चाहती है कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में वही होगा जो दशकों से चलता आ रहा है।

## एक नजर

### भागलपुर में कार्यपालक पदाधिकारी की हत्या टेंडर विवाद के दौरान गोलीबारी, भारी तनाव

**भागलपुर।** भागलपुर जिले से बड़ी खबर सामने आई है, जहां सुल्तानगंज में टेंडर विवाद के दौरान हुई गोलीबारी में बिहार सरकार के एक कार्यपालक पदाधिकारी की हत्या कर दी गई है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया है और प्रशासन सतर्क हो गया है।प्राथमिक जानकारी के अनुसार, टेंडर को लेकर विवाद के बीच अंधाधुंध फायरिंग हुई, जिसमें कार्यपालक पदाधिकारी की मौत हो गई। गोलीबारी में किसी अन्य अधिकारी के भी घायल होने की सूचना है, हालांकि उनकी मौत की अब तक पुष्टि नहीं हुई है।घटना के बाद स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई है। मौके पर पुलिस और प्रशासनिक टीम पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने में जुटी है। क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल पुलिस हमलावरों की पहचान, गोलीबारी के कारण और घटना में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है। मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है। प्रशासन की ओर से आधिकारिक विस्तृत जानकारी का इंतजार है।

### बिहार में शिक्षा के मंदिर की मयार्दा तार-तार: क्लासरूम में चिकन पार्टी और शराबबंदी का मजाक

**मोतिहारी।** बिहार में एक बार फिर से शिक्षा के मंदिर की मयार्दा तार-तार हुई है। मोतिहारी से एक ऐसा वीडियो सामने आया है, जिसने शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। वायरल वीडियो आदापुर प्रखंड के वटर उचीडीह स्कूल का बताया जा रहा है, जहां क्लासरूम के भीतर कुछ शिक्षक न सिर्फ चिकन पार्टी करते दिख रहे हैं, बल्कि शराबबंदी कानून का भी खुलेआम मजाक उड़ाते नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो में करीब आधा दर्जन शिक्षक क्लासरूम में बैठकर चिकन पार्टी का आनंद लेते दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान वे कड़ाही में बने चिकन को दिखाते हुए वीडियो भी बना रहे हैं, मानो किसी उपलब्धि का जश्न मना रहे हों। हैरानी की बात यह है कि पार्टी के दौरान शिक्षक शराब के बारे में भी बातचीत करते नजर आ रहे हैं। कोई पूछ रहा है कि शराब है या नहीं, तो कोई शराब चलाने की बात करता दिख रहा है। इससे साफ है कि शिक्षकों को न विभागीय नियमों का डर है और न ही नैतिक जिम्मेदारियों की परवाह। चिकन पार्टी का वीडियो सामने आने के बाद शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। बताया जा रहा है कि जब एक शिक्षक संजय से इस वीडियो के बारे में पूछा गया तो उन्हें खुद यह याद नहीं रहा कि वीडियो कब और कैसे रिकॉर्ड हुआ। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या स्कूल में इस तरह की लापरवाही करने वाले शिक्षकों पर कोई सख्त कार्रवाई होगी या फिर किसी एक पर कार्रवाई कर बाकी को छोड़ दिया जाएगा।

### बिहार में नाबालिग से दरिंदगी: मक्के के खेत में वारदात, मुख्य आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

**बेतिया।** बिहार के बेतिया जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र से एक बेहद संवेदनशील और झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 14 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ कथित दुष्कर्म की घटना ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया है। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल है और लोगों में गहरा आक्रोश देखने को मिल रहा है। जानकारी के अनुसार, मलाही टोला निवासी एक युवक पर आरोप है कि उसने बच्ची को बहला-फुसलाकर मक्के के खेत में ले गया और वहां उसके साथ जबरन गलत काम किया। घटना के बाद बच्ची काफी सहमी हुई बताई जा रही है, वहीं परिवार सदमे में है। पीड़िता की मां ने साहस दिखाते हुए मझौलिया थाने में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। शिकायत मिलते ही पुलिस हरकत में आई और त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान संदीप कुमार के रूप में हुई है, जो गांव के ही सुरेंद्र साहनी का 20 वर्षीय पुत्र बताया जा रहा है।

# दिल्ली में बिहार के दो युवकों की हत्या, परिजनों से मिलने पहुंचे पप्पू यादव, सरकार से की न्याय दिलाने की मांग

**एजेंसी। पटना**

बिहार के खगड़िया जिले के गंगौर थाना क्षेत्र के रहने वाले दो युवकों की दिल्ली में गोली मारकर हत्या की घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। मृतकों में पाण्डव कुमार और उनका एक मित्र शामिल हैं, जो रोजी-रोटी की तलाश में दिल्ली गए थे। इस दर्दनाक घटना के बाद परिजनों में मातम पसरा हुआ है और गांव में शोक का माहौल है। उघटना की जानकारी मिलते ही निर्दलीय सांसद पप्पू यादव तुरंत सक्रिय हो गए। वे बिना देर किए सीधे पीड़ित परिवार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और हर हाल में न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। पप्पू यादव ने मौके पर ही साफ कहा कि यह सिर्फ दो युवकों की हत्या नहीं, बल्कि बिहार के मेहनतकश लोगों की अस्मिता पर हमला है। परिजनों और स्थानीय लोगों के अनुसार, घटना में दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल पर गंभीर आरोप लगे हैं। कहा जा रहा है कि आरोपी ने पहले दोनों युवकों को ह्वबिहारीह्व



कहकर अपमानित किया और गालियां दीं, फिर गोली चला दी। इस घटना में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। पप्पू यादव ने इस पूरे मामले को बेहद गंभीर बताते हुए कहा कि दोषी चाहे कोई भी हो, उसे बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और आरोपी हेड कांस्टेबल को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने यहां तक कहा कि ऐसे मामलों में सख्त संदेश देने के लिए कठोर कार्रवाई जरूरी है, ताकि भविष्य में कोई ऐसी हिम्मत न कर सके। मौके पर मौजूद लोगों के बीच पप्पू यादव का आक्रोश साफ दिखाई दिया। उन्होंने कहा कि बाहर काम करने वाले बिहार के लोग लगातार निशाना बन रहे हैं, जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर कब तक गरीब और मजदूर वर्ग के लोग इस तरह हिंसा का शिकार होते रहेंगे। इस घटना के बाद पप्पू यादव ने राज्य सरकार पर भी सवाल उठाए और कहा कि बिहार के लोगों की सुरक्षा को लेकर ठोस पहल की जरूरत है। उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता दिलाने की बात भी कही और भरोसा दिलाया कि वे इस मामले को अंत तक लड़ेंगे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और घटना के हर पहलू की पड़ताल की जा रही है।

# टेम्पू में बैठकर घूस मांगने वाली दारोगा सस्पेंड, वीडियो वायरल होने के बाद पटना ट्रैफिक एसपी ने की कार्रवाई

**एजेंसी। पटना**

पिछले दिनों पटना के जीपीओ गोलंबर के पास ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात महिला दारोगा प्रिया कुमारी का टेम्पू में बैठकर घूस मांगने का वीडियो वायरल हुआ था। मामला सामने आने के बाद ट्रैफिक एसपी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। वीडियो में यह देखा गया कि ऑटो में बैठकर प्रिया कुमारी टेम्पू चालक से पैसे मांग रही थी, जबकि उसे चालान काटना चाहिए था। वह ड्राइवर से इशारों में 500 रुपये मांगते नजर आई। इससे पुलिस कर्मियों की छवि धूमिल हुई है, जिसे देखते हुए ट्रैफिक एसपी ने एक्शन लिया और महिला दारोगा को सस्पेंड कर दिया। साथ ही प्रिया से स्पष्टीकरण मांगा गया है। उस पर अब विभागीय कार्रवाही भी साथ चलेगी। बिहार में आए दिन घूसखोरों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है। इसके बावजूद लोग अपनी करतूतों से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला एक महिला दारोगा से जुड़ा हुआ पिछले दिनों सामने आया था। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। इस वायरल वीडियो को देखकर हर कोई हैरान था। जिसमें महिला दारोगा स्कूटी किनारे लगाकर ऑटो में बैठी हुई दिखी और चालक से 500 रुपये की मांग करती दिखी थी। वीडियो देखकर पता चलता है कि ऑटो चालक फोन पर किसी से ऑनलाइन पेमेंट करने को कह रहा है, इसी बीच वो महिला दारोगा से कहता है कि मैडम 100 कम ले लीजिए 400 ऑनलाइन पेमेंट करवा देता हूं। लेकिन मैडम कहती है कि एक पैसा कम नहीं लेंगे। सोशल मीडिया पर डबल स्टार महिला पुलिस कर्मी का वीडियो किसी ने वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में महिला दारोगा ऑटो ड्राइवर से 500 रुपये की मांग करती है। वीडियो में आ रही आवाज को सुनने से यह मालूम होता है कि ऑटो चालक किसी व्यक्ति को फोन पर कह रहा है कि मैडम ऑनलाइन पैसा लेने के लिए तैयार है। मेरे पास कैश नहीं है। इसलिए ऑन लाइन पेमेंट कर दें।

# बिहार में खूनी खेल, कमरे में मां और दो मासूम बच्चों का रस्सी से बंधा मिला शव

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के कांटी थाना क्षेत्र के बाझिला गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक घर के कमरे में मां और उसके दो मासूम बच्चों के शव संदिग्ध हालत में मिले हैं। तीनों के शव एक रस्सी से बंधे हुए पाए गए, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। शव मिलने के बाद परिजनों में चीत्कार मच गया और गांव में मातम का माहौल बन गया। परिजनों ने इस घटना को हत्या बताते हुए पट्टीदारों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बताया जा रहा है कि परिवार के बीच पहले से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि इसी विवाद में आरोपियों ने घर में घुसकर इस वारदात को अंजाम दिया।मृतका के पति संतोष कुमार साह उर्फ मिठाईलाल साह ने बताया कि वह कल अपने एक भाई के साथ शादी




के कैटरिंग के काम से बाहर गए हुए थे और देर रात तक वहीं रहे। सुबह जब घर लौटे तो दरवाजा बाहर से बंद मिला, जिससे उन्हें शक हुआ। दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचे तो देखा कि उनकी पत्नी और दो मासूम बच्चों की हत्या कर दी गई है और तीनों को एक रस्सी से बांधकर रखा गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि इस घटना को उनके पट्टीदारों ने अंजाम दिया है, जिनसे उनका पहले से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। उन्होंने यह भी कहा कि पहले भी उनके परिवार को परेशान किया जाता रहा है। मृतका की गोतनी ने बताया कि सुबह उठने से पहले उनका कमरा भी बाहर से बंद था। किसी तरह दरवाजा खुलने के बाद जब बाहर निकलीं तो देखा कि रीता, वैष्णवी और कन्हैया की फंदे से मारकर हत्या कर दी गई है। उन्होंने भी इस घटना के लिए पट्टीदारों को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि आरोपी घर में घुसकर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है, ताकि साक्ष्य जुटाए जा सकें। पुलिस ने परिजनों के बयान के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो लोगों को डिटेन किया है और उनसे थाने में पूछताछ की जा रही है।

## आईएसआई की नई चाल का खुलासा

# बिहार में अलर्ट : भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों पर नजर, जवानों के मोबाइल डेटा तक पहुंच बनाने की साजिश

**एजेंसी। पटना**

देश की सुरक्षा से जुड़ा एक बेहद गंभीर अलर्ट सामने आया है, जिसने सुरक्षा एजेंसियों के साथ-साथ राज्य पुलिस को भी पूरी तरह सतर्क कर दिया है। खुफिया इनपुट के मुताबिक आईएसआई भारत के सैन्य प्रतिष्ठानों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए नई रणनीति पर काम कर रही है। इस साजिश के तहत हाईवे किनारे स्थायी ठिकाने बनाकर संवेदनशील जानकारियां जुटाने की कोशिश की जा सकती है। सूत्रों के अनुसार, यह एजेंसी उन जगहों को चिन्हित कर रही है जहां हाईवे के आसपास सेना के ठिकाने या उससे जुड़े प्रतिष्ठान मौजूद हैं। योजना यह




बताई जा रही है कि इन स्थानों के पास ढाबा, रेस्टोरेंट, मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान, कंप्यूटर सेंटर या जनसेवा केंद्र खोलकर लंबे समय तक मौजूद रहा जाए। इन दुकानों और प्रतिष्ठानों के जरिए आसपास की गतिविधियों पर नजर रखने और जानकारी इकट्ठा करने की आशंका जताई गई है। खुफिया विभाग का मानना है कि इन स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा सकते हैं, जिनके जरिए सेना की आवाजाही, वाहनों की मूवमेंट और अन्य गतिविधियों को रिकॉर्ड किया जा सकता है। इसके अलावा इन ठिकानों के जरिए आसपास के लोगों से संपर्क बनाकर भी सूचनाएं जुटाने की कोशिश हो सकती है। इस इनपुट के सामने आने के बाद बिहार पुलिस मुख्यालय ने 24 अप्रैल को एक पत्र जारी कर पूरे राज्य में अलर्ट घोषित कर दिया है। सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में खासकर हाईवे के आसपास सतर्कता बढ़ाएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई करें। पुलिस को यह भी कहा गया है कि हाईवे किनारे मौजूद ढाबों, होटलों, दुकानों और अन्य छोटे-बड़े प्रतिष्ठानों का सत्यापन किया जाए। जो भी नए प्रतिष्ठान हाल ही में खुले हैं या जिनकी गतिविधियां संदिग्ध लगती हैं, उनकी विशेष जांच की जाए। इसके साथ ही स्थानीय लोगों से भी जानकारी जुटाने और इंटेलिजेंस नेटवर्क को मजबूत करने पर जोर दिया गया है। मामले का एक और चिंताजनक पहलू सामने आया है। खुफिया एजेंसियों ने यह आशंका जताई है कि सेना के अधिकारियों और जवानों के मोबाइल फोन को भी निशाना बनाया जा सकता है। उनके डिवाइस में मैलवेयर डालकर संवेदनशील जानकारी चुराने की कोशिश हो सकती है। ऐसे में सुरक्षा बलों को अपने मोबाइल और डिजिटल उपकरणों के इस्तेमाल को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। हाईवे और सैन्य क्षेत्रों के आसपास गश्त बढ़ा दी गई है। संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। स्थानीय पुलिस के साथ-साथ अन्य एजेंसियां भी मिलकर इस पूरे मामले पर काम कर रही हैं, ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते रोका जा सके। इस पूरे मामले पर विवेक कुमार ने कहा कि फिलहाल उनके रेंज में ऐसी कोई ठोस गतिविधि सामने नहीं आई है, लेकिन एहतियात के तौर पर हर स्तर पर निगरानी बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि नियमित पेट्रोलिंग जारी है और संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है।

# मुजफ्फरपुर में इलाज के दौरान महिला की गलत इंजेक्शन लगाने से मौत! अस्पताल में जमकर तोड़फोड़

**एजेंसी। पटना**

उत्तर बिहार के मेडिकल हब कहे जाने वाले जूरन छपरा स्थित एक निजी नर्सिंग होम में मंगलवार को इलाज के दौरान एक 24 वर्षीय महिला की संदिग्ध मौत हो गई। मृतका की पहचान साहेबगंज थाना क्षेत्र की सीमा देवी के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि गलत इंजेक्शन देने के 5 मिनट के भीतर महिला ने दम तोड़ दिया। महिला की मौत के बाद डॉक्टर और नर्सिंग होम का पूरा स्टाफ क्लिनिक छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद आकर्षित परिजनों ने अस्पताल में जमकर तोड़फोड़ की सड़क जाम कर हंगामा किया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। मृतका के पति सुनील कुमार ने बताया कि वे अपनी पत्नी को मासिक धर्म (पीरियड) से जुड़ी समस्या को लेकर महिला रोग विशेषज्ञ को दिखाने आए थे। डॉक्टर ने कुछ दवाइयां लिखीं और सोनोग्राफी कराने की सलाह दी। सोनोग्राफी से ठीक पहले महिला को एक इंजेक्शन दिया गया। इंजेक्शन लगते ही सीमा की हालत तेजी से बिगड़ने लगी और देखते ही देखते उसकी मौत हो गई। आरोप है कि अस्पताल कर्मियों ने आनन-फानन में शव को एम्बुलेंस में डालकर दूसरे अस्पताल ले जाने का नाटक किया और रास्ते में ही महिला